# ए आई की बदलती दुनिया

इंटरनेट की दुनिया में ए आई या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की घुसपैठ बढ़ती जा रही है। इसमें भी ओपन ए आई की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह संस्था एक अमेरिकी ए आई प्रयोगशाला है। यह मित्रवत ए आई को बढ़ावा देने के इरादे से अनुसंधान करती है। यह जल्द ही एक नया सर्च इंजन लाने वाली है।

## ओपन ए आई से जुड़े कुछ बिंदु -

- माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपन एआई एआई में अभी सबसे आगे है।
- चैटजीपीटी भी इसी संस्था का अब तक का सफलतम उत्पाद है। नए सर्च इंजन के आने से चैटजीपीटी की क्षमता में वृद्धि की उम्मीद है। यह वेब से वास्तविक समय में और तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा।
- चैटजीपीटी से लोगों को मशीनी या एकरूपता वाले पाठ ही मिल रहे हैं। जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले पाठों की जरूरत है। इसलिए लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार है। हालांकि, ओपनएआई के ही शोधकर्ता ने पर्पलेक्सिटी नामक सर्च इंजन बनाया है, जिसका बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है।

आशा की जा रही है कि ओपनएआई का यह सर्च इंजन गूगल को मात देने वाला होगा। अगर यह अनुमान सच साबित हुआ, तो दुनिया में इंटरनेट सेवा एक अलग ही स्तर पर पहुँच जाएगी।

**विभिन्न स्रोतों पर आधारित। 13 मई, 2024**